कमला नगर स्थित सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के वार्षिकोत्सव पद्मांजलि में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं • जागरण

रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन, मेधावियों का सम्मान

जासं, कानपुर : सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर का वार्षिकोत्सव 'पद्मांजलि कानपुर एक खोज' में रविवार को मेधावियों और शिक्षकों के सम्मान, चंद्र विजयोत्सव जैसे अनेक रंग दिखाई दिए। कमलानगर स्कूल परिसर में 40 वें आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि व प्रदेश सरकार की अपर मुख्य सचिव मोनिका एस गर्ग ने भगवान श्रीद्वारिकाधीश के समक्ष दीप जलाकर किया। विद्यालय की चेयरपर्सन मनोरमा गोविन्द हरि सिंहानिया ने अभिभावकों एवं समस्त विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

स्कूल विद्यार्थियों की कानपुर एक खोज पुस्तक का लोकार्पण भी मुख्य अतिथि ने किया। उन्होंने विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी के शीर्ष पांच विद्यार्थियों सांची अरोड़ा, तवीशी अग्रवाल व मुबाशरा नाहिद को 50-50 हजार रुपये की गोविंद हरि सिंहानिया स्कालरशिप अवार्ड के तहत कुल साढ़े चार लाख रुपये की छात्रवृत्ति और आकृति तिवारी, सिमरन टेकवानी और जपलीन कौर को मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया फेलोशिप फार एस्पायरिंग आथर अवार्ड 2023-24 से अलंकृत किया। 'बेस्ट टीचर अवार्ड' से मिस विभा द्विवेदी को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में 'ब्रह्मावर्त कथा' चंद्र विजयोत्सव' में चंद्रयान की सफलता के विविध चरणों को भी बच्चों ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा जी सिंहानिया, वाइस चेयरमैन व डायरेक्टर पार्थो पी. कर ,प्रधानाचार्या भावना गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।